अपनी बात

अनिल कुमार नाहर, 9109999906
270, जवाहर मार्ग, इन्दौर452002

प्रतिदिन अखबार पढ़ना सब के लिए आवश्यक होता है

प्रतिदिन अखबार पढ़ना और समझना सामान्य ज्ञान के लिए अति उपयुक्त और महत्वपूर्ण होता है। इसका मुख्य उद्देश्य पढ़ने की संस्कृति को मजबूत करना और स्क्रीन टाइम को कम करना है।

अखबार सुबह के समय प्रतिदिन पढ़ने से व्यक्ति को जनजागृति की भावना जागृत होती है। दिमाग को ताजगी और स्फूर्ति मिलती है।

अखबार प्रतिदिन गहरी पद्धति से पढ़ना बुद्धिजीवी, साहित्यक और पत्रकारिता के लिए अग्रणीय होता है और संवाद के लिए भी श्रेष्ठतम होता है। अखबार को होना सभी समाज के वर्ग जाति धर्म के लिए नितान्त आवश्यक होता है। यह सरकार और जनता के लिए प्रहरी का कार्य करता है और समयानुसार बेधड़क निष्पक्ष आवाज उठाता है। ये ही असली अखबार की नीति और सिद्धान्त है। इसका विज्ञापनों से कोई विशेष तालुक नहीं है लेकिन शहर एवं जनता के लिए निर्भिक सही खबरे और प्रसार संख्या सबसे बड़ा हथियार होता है।

लोकल स्पोर्ट्स

नए साल में भारतीय टीम का निराशाजनक प्रदर्शन

कप्तान शुभमन गिल और कोच गौतम गंभीर इन दिनों भारतीय टीम के लिए खूब गुल खिला रहे हैं। 19 जनवरी को इंदौर में हुए तीसरे और अंतिम वनडे अंतरराष्ट्रीय में 41 रनों से हारते ही भारत की टीम न्यूजीलैंड से वनडे सीरीज एक दो से हार कर श्रृंखला गंवा बैठी। भारत की टीम अपने घर में कभी न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज नहीं हारी थी। बल्कि हर बार न्यूजीलैंड को करारी हार का सामना करना पड़ा था। न्यूजीलैंड की टीम पहली बार 1988 में भारत के खिलाफ भारत में पांच वनडे मैचों की द्वीपक्षीय सीरीज खेली थी और दिलीप वेंगसरकर की कप्तानी में भारत ने न्यूजीलैंड को चार शुन्य से मात दी थी। पांचवां मैच रद्द हो गया था। न्यूजीलैंड के कप्तान जॉन राइट थे। सन् 2010 में भी भारत ने फीर एक बार न्यूजीलैंड का सूपड़ा साफ करते हुए पांच शून्य से सीरीज जीती थी। उस सीरीज में तो गौतम गंभीर ही भारत के कप्तान थे और उन्होंने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए प्लयेर आफ द सीरीज का पुरस्कार भी प्राप्त किया था। इससे पहले जब 2023 में भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की सीरीज हुई थी तो उसमें भी भारतीय टीम सभी तीन मैचों में न्यूजीलैंड को हराकर एकतरफा ढंग से सीरीज जीती थी। उस सीरीज में भारत के कप्तान रोहित शर्मा और न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लैथम थे। 2023 में उस सीरीज के पहले मैच में शुभमन गिल ने हैदराबाद में 208 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली थी। इस बार जब 11 जनवरी को हुए प्रथम वनडे में भारत ने न्यूजीलैंड को 301 रनों के बड़े टारगेट का पीछा करते हुए चार विकेट से मैच जीत लिया था तो लग रहा था कि इस भी सीरीज भारत के नाम होगी। लेकिन डेरिल मिचेल की शानदार बल्लेबाजी से न्यूजीलैंड की टीम सीरीज में पिछड़ते हुए भी पहली बार भारत में वनडे सीरीज जीत कर इतिहास रच दिया।

अनित कुमार राय टिंकू, बाघमारा, धनबाद।

मध्यप्रदेश ट्रायलथान संघ का निर्वाचन संपन्न

इंदौर। मध्यप्रदेश ट्रायथलान संघ की नवीन कार्यकारिणी का निर्वाचन 2026 से 2030 की अवधि का रेसीडेंसी क्लब इंदौर में संपन्न हुआ।

निर्वाचन प्रक्रिया हेतु सेवा निवृत विधि अधिकारी माजिद खान निर्वाचन अधिकारी थे। राजेश चौबे पर्यवेक्षक मध्य प्रदेश ओलंपिक संघ तथा ओ पी अवस्थी भारतीय ट्रायथलान संघ की ओर से उपस्थित थे।जिनकी देखरेख में विधि अनुसार निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराई गई। नवीन निर्वाचित पदाधिकारी निम्न अनुसार है संरक्षक श्रीमती पूजा पाटीदार, चेयरमैन विजयपाल सिंह विधायक सोहागपुर, अध्यक्ष श्रीकांत तिवारी, उपाध्यक्ष जे पी सक्सेना, हरीश शुक्ला, चित्रेश शर्मा, शेखर तिवारी सचिव उमाशंकर व्यास, कोषाध्यक्ष एस एन पंडित, सहसचिव ओ पी अवस्थी, गोवर्धन यादव, प्रभु मूलचंदानी, रघुवीर तिवारी, प्रशांत रजक, कार्यकारिणी सदस्य सुधीर नेमा, कमलेश पांडे, तनवीर हलीम, आयुष दुबे । निर्वाचन पर मध्यप्रदेश ओलंपिक संघ के अध्यक्ष, विधायक रमेश मेंदोला,महासचिव दिग्विजय सिंह,इंदौर जिला तैराकी संघ अध्यक्ष राजकुमार राठौर , सचिव सत्यम द्विवेदी, कय्यूम पठान, संजू जाधव, अमितेश तिवारी सहित अनेक खेलप्रेमियों एवम खिलाड़ियों ने शुभकामनाएं दीं।

ब्रिगेड इंटरनेशनल में मार्शल आर्ट शिविर प्रारंभ

इन्दौर। एलेट स्पोर्ट्स अकादमी के तत्वाधान में एवं श्रेयस लिटिल चैंप्स अकादमी के ईच वन टीच वन मोमेंट के सानिध्य में पीथमपुर स्थित द ब्रिगेड इंटरनेशनल स्कूल में 7 दिवसीय मार्शल आर्ट्स शिविर लगाया गया है। जिसमें बच्चों को प्राचार्या श्वेता तांबे के सहयोग से फेंसिंग , कोशिकी मार्शल आर्ट और कराते जैसे खेल के तकनीकी गुर राष्ट्रीय अवॉर्डी माही धारू और राधिका पंचोले के निर्देशन में सिखाए जा रहे है । खिलाड़ी भी बढ़ चढ़कर इस शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते नजर आ रहे है । शिविर में भाग लेने वाले कुछ खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार है । बालिका वर्ग में माही चौधरी , नेहा यादव , अभीशिखा शर्मा , खुशबू पटेल , श्रद्धा चौधरी। , तन्नश्री पांचाल , निधि चौधरी , शिल्पा डागरी , सलोनी प्रजापत , रंगीनी चौहान , आनंदी खांडेकर , विशेष चौधरी , अनुराग चौधरी बालक वर्ग में आदित्य चौधरी , हर्ष प्रजापत , अनंत रघुवंशी जयेश पटेल शामिल है । ये खिलाड़ी आगामी एलेट विंटर कैप गोवा में भाग लेंगे । एवं आगामी शिक्षा विभाग एवं खेल युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित होने वाली सभ्धाएं भी खेलेंगे । शिविर का संचालन अमय लश्करी एवं स्कूल डायरेक्टर घनश्याम चौधरी ने किया एवं आभार दीपक जायसवाल एवं राजेंद्र पाटिल ने माना।

18 वर्षों से निभाई जा रही परंपरा, श्रद्धा-उत्साह के साथ माता की आराधना

गुप्त नवरात्रि पर ग्राम खंडवा में पाँच दिवसीय गरबा आयोजन संपन्न

पीथमपुर । गुप्त नवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राम खंडवा में पारंपरिक गरबा महोत्सव का भव्य आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। यह आयोजन विगत 18 वर्षों से निरंतर किया जा रहा है, जो अब ग्राम की सांस्कृतिक पहचान बन चुका है। हर वर्ष की तरह इस बार भी पाँच दिवसीय गरबा कार्यक्रम में ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली।

नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन संध्या समय माता रानी की विधिवत पूजा-अर्चना के बाद गरबा नृत्य का आयोजन किया गया। पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं, पुरुषों और युवाओं ने भक्ति गीतों की धुन पर गरबा कर पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। ढोलङ्कढमाकों और भजनों के साथ गरबा स्थल पर देर रात तक उत्साह का माहौल बना रहा।

आयोजकों ने बताया कि यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे को भी मजबूत करता है। गाँव के सभी वर्गों के लोग एक साथ मिलकर आयोजन को सफल बनाते हैं, जिससे नई पीढ़ी को भी अपनी सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलता है।

कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा और अनुशासन का विशेष ध्यान रखा गया। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की सुविधाओं के लिए व्यवस्थाएं की गई थीं। आयोजन स्थल पर स्वच्छता और शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने में ग्रामीणों ने भी सहयोग किया।

पाँचवें दिन कार्यक्रम का समापन हवन, पूजा-अर्चना और प्रसाद वितरण के साथ किया गया। समापन अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे और माता रानी से सुख-समृद्धि की कामना की। आयोजन के शांतिपूर्ण और सफल समापन पर ग्रामीणों ने संतोष व्यक्त किया और अगले वर्ष भी इसी उत्साह के साथ आयोजन करने का संकल्प लिया।

श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर पाटनीपुरा मंदिर पर चोरी के खिलाफ रैली निकाली

इन्दौर। दिगंबर जैन समाज पाटनीपुरा के अध्यक्ष पवन जैन, नितेश जैन, विकास जैन सतभैया ने बताया कि जैसा कि सभी को मालूम है कि श्री पार्श्ववनाथ दिगम्बर जैन मंदिर पाटनीपुरा स्थित मंदिर पर हथियार बंद 2 पुरुष और एक महिला द्वारा अल सुबह 5 बजे जिस प्रकार चोरों ने बगैर भाय के मेंन रोड़ पर स्थित जैन मंदिर पर 1 घंटे करीब का समय मंदिर की आस्था को तोड़ते हुए जूते पहनकर अंदर आकर हथियारों के साथ चोरी को अंजाम दिया बहुत ही चिंतनीय विषय है मंदिर में ताला तोड़कर दानपात्र उठाकर ले गए, चोर करीब 1 घंटे तक मंदिर में तोड़फोड़ करते रहे,जिसमे लगभग 1 लाख रुपये थे लगभग साथ ही मंदिर का अन्य सामान ले गए

जिसकी सूचना, तत्काल पुलिस को सूचना दी गई,लेकिन आज 5 दिन होने के पश्चात पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है जिसमें की पूरी चोरी की घटना कैमरे में कैद हुई बाइक भी स्पष्ट दिख रही है जिससे चोर, चोरी करके भागे थे।जिसे समाज द्वारा पूरी रिकॉर्डिंग पुलिस को दे दी गई थी उसके बाद भी कुछ नतीजा नहीं निकला फलस्वरूप समाजजन ओर समस्त क्षेत्रीय व्यापारियों में असुरक्षा ,एवं रोष व्याप्त है ,इसलिए आज जैन मंदिर से एक रैली णमोकार मंत्र का जाप करते हुए निकाली ,जो एम, आय,जी थाने पर जा कर,पुलिस से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने की ओर जल्द से जल्द चोरों को पकड़ने बाबद ज्ञापन दिया ,जिसमे अधिक से अधिक व्यापारीगण एवं समाजजन सम्मिलित होकर सहयोग प्रदान करा । रैली शांतिपूर्ण तरीके से एवम णमोकार मंत्र का जाप करते हुए निकली गई जिसमें पूनमचंद जैन सातभैया, दीपक जैन, स्वतंत्र जैन,जितेंद्र जैन, पाटनीपुरा व्यापारी संघ के अध्यक्ष मनोज सोमवंशी जी,अरुण जैन, प्रकाशचंद जी जैन, ललित दोशी, संजीव जैन, महेश जैन, मुकेश जैन, आशीष जैन, जयचंद जी जैन, मनीष जैन, साथ ही बड़ी संख्या में महिला मंडल,मातृशक्ति, धर्मालुजन एवं रहवासी संघ व व्यापारी संघ भी मौजूद रहे।

इंदौर के धावक दौड़े मुंबई मैराथन में

इन्दौर (ई) एशिया की सबसे प्रतिस्पर्धी और चुनौतीपूर्ण मैराथनों में से एक मुंबई मैराथन में शहर के धावक पलाश दुबले, मनीष मिंडा, मनोज सुखीजा, शरद तिवारी, महेंद्र शर्मा, दीपक नीमा, दिलीप खोपकर, गौरव माहेश्वरी, आनंद जायसवाल, राकेश विजयवर्गीय, दिनेश सबनानी, नेहा सबी, धर्मराज कोंडले, जीतू खत्री ने भी हिस्सा लिया। जिसमें पलाश दुबले ने 42.2 किमी की पूर्ण मैराथन पांच घंटे 21 सेकंड में पूरी की। इसके साथ ही उन्होंने अपना प्रोफेम स्टैम पैलेंज भी पूर्ण किया। बता दें कि इस बार मुंबई मैराथन में दुनियाभर से 65,000 धावक शामिल हुए। जिसमे से सिर्फ 16,000 धावक ही मैराथन पूर्ण कर पाएं।

म.प्र. में माझी जनजाति के लोग कौन है यह घोषित करें?

इन्दौर । म.प्र. में वर्ष 2027 में राष्ट्रीय जनगणना करवाई जा रही है इसलिए म.प्र. में निवास करने वाले माझी जनजाति समुदाय सम्पूर्ण म.प्र. में अनुसूचित जनजाति में अधिसूचित है । वर्ष 2011 की जातिगत जनसंख्या में माझी की संख्या 50656 बताई गई है । माझी आदिवासी समाज के वरिष्ठ समाजसेवी उमाशंकर रायकवार ने बताया कि म.प्र. के विभिन्न जिलों में ग्वालियर, भोपाल, भिंड, मुरैना, श्योपुर, नर्मदापुरम, देवास, उज्जैन, जबलपुर, अनूपपुर, धार इन्दौर इसमें जनजाति कार्य विभाग मंत्रालय द्वारा 2011 की जनगणना के अनुसार 50656 माझी समुदाय निवासरत होना घोषित किया है । रायकवार ने म.प्र. के 53 जिलों में माझी निवासरत है तो फिर शेष जिलो में निवासरत माझी समुदाय जिलों में माझी कहां गए, शासन बताए।

इशरे इंदौर चैप्टर द्वारा आयोजित इशरे क्रिकेट लीग का रोमांचक मुकाबले, मित्सुबिशी ने जीती ट्रॉफी

इंदौर। इशरे इंदौर चैप्टर द्वारा इशरे क्रिकेट लीग का सफल आयोजन 16 जनवरी से 18 जनवरी 2026 तक सहारा सिटी ग्राउंड पर किया गया। इस तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में इंडस्ट्री से जुड़ी विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इशरे के प्रेसिडेंट श्री अंकुश झवर ने बताया कि इस टूर्नामेंट में कुल 10 टीमों ने हिस्सा लिया। भाग लेने वाली टीमों में डीआरआई, मित्सुबिशी इलेक्ट्रिक, ओ जनरल, डायकिन अल्फा, वीआर एफ वारियर्स, इंसुलेशन वॉरियर्स , ब्लू स्टार, आईपीपी लीजेंड्स, आईपीए और वोल्टास शामिल रहीं।

टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला डायकिन और मित्सुबिशी इलेक्ट्रिक के बीच खेला गया। यह मैच बेहद रोमांचक रहा, जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए मित्सुबिशी इलेक्ट्रिक ने जीत दर्ज कर टूर्नामेंट अपने नाम किया। दोनों टीमों ने उच्च स्तरीय खेल भावना और प्रतिस्पर्धा का बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।

इस लीग के संयोजक श्री शिवेन्द्र सिंह तोमर एवं श्री शिव कुमार सोनी रहे, जिनके कुशल नेतृत्व और समर्पित प्रयासों से पूरे टूर्नामेंट का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में आशीष खोती एवं सुरेश चौहान उपस्थित रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और आयोजन की खूब प्रशंसा की।

क्षेत्र क्रमांक 3 विधायक कप की समिति का गठन हुआ

इन्दौर। क्षेत्र क्रमांक 3 के विधायक श्री राकेश शुक्ला (गोलू) विधायक कप जिला स्तरीय नगद राशि फुटबॉल स्पर्धा की सर्वसम्मति से समिति गठित की गई ।

स्पर्धा संयोजक श्री राकेश सिरसीया ने बताया कि सर्वसम्मति से समिति बनाई गई जिसमें स्पर्धा अध्यक्ष श्री दीपेंद्र सिंह सोलंकी उपाध्यक्ष श्री विनोद कल्याणे स्पर्धा सचिव श्री अंश सिरसीया सहसचिव श्री विपिन चिंतामण कोषाध्यक्ष श्री ललित यादव व्यवस्था प्रभारी = माणक नगर रामचंद्र चौहान रमेश झिरवार श्री अशोक वर्मा स्पर्धा प्रभारी श्री अंकित चिराउंडे स्वागत समिति प्रभारी श्री आशीष शर्मा श्री रितेश विरांग श्री टीनू चौहान श्री विकास थापा श्री गुड्डू वर्मा सदस्य श्री विनय थनवार ,श्री जुम्मन सिलावट ,श्री अजय मेहरा ,श्री विक्की चौहान, श्री दीप खरे, श्री मनोज खरे, श्री मनस्य सिंह चहान, श्री रोहन परदेसी. यह स्पर्धा जिला स्तरीय नगद राशि फुटबॉल स्पर्धा करवाई जाएगी। जिसमें इंदौर जिले की चुनींदा टीमें खेलेगी स्पर्धा में नगद राशि के साथ में हर मैच में बेस्ट खिलाड़ी का इनाम एवं बेस्ट डिफेंडर, बेस्ट गोलकीपर ,बेस्ट फॉरवेट ,बेस्ट हाफ और डिसिप्लिन ट्रॉफी भी प्रदान की जाएगी यह स्पर्धा 25 जनवरी से 1 फरवरी तक करवाई जाएगी स्पर्धा में भाग लेने के लिए चिमन बाग मैदान पर श्री माणक नागर श्री विनोद कल्याणी श्री विकास थापा एवं नेहरू स्टेडियम मैदान पर श्री अंकित चिराउडे श्री अंश सिरसीया से संपर्क कर सकते है स्पर्धा में भाग लेने की अतिम तिथि 23 जनवरी रहेगी।

नगर पालिक निगम, इन्दौर
जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है (1) श्रीमती प्रियंका पति श्री महेन्द्र अरेन्जा द्वारा 1 विनयनगर इन्दौर पर विकास योजना 2021 में मिश्रित उपयोग नियमन की कंडिका 6.10.4 के बिन्दु क्रमांक 05 में अंकित प्रावधान अनुसार मिश्रित उपयोग हेतु 30 वर्ग मीटर पर व्यवसायिक उपयोग हेतु भवन अनुज्ञा प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है। उक्त के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन से सात दिवस में भवन अधिकारी झोन क्रमांक 15 के समक्ष प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात यह माना जावेगा कि किसी कोई आपत्ति नहीं है तथा नगर निगम द्वारा प्रस्ताव अनुसार भवन अनुज्ञा जारी की जावेगी।

भवन अधिकारी झोन क्रमांक 15, नगर पालिका निगम, इंदौर

नगर पालिक निगम, इन्दौर
जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है (1) श्रीमती प्रियंका पति श्री महेन्द्र अरेन्जा द्वारा 1140 सुदामानगर इन्दौर वार्ड क्रमांक 83 इंदौर पर विकास योजना 2021 में मिश्रित उपयोग नियमन की कंडिका 6.10.4 के बिन्दु क्रमांक 05 में अंकित प्रावधान अनुसार मिश्रित उपयोग हेतु 25 वर्ग मीटर पर व्यवसायिक उपयोग हेतु भवन अनुज्ञा प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है। उक्त के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन से सात दिवस में भवन अधिकारी झोन क्रमांक 15 के समक्ष प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात यह माना जावेगा कि किसी कोई आपत्ति नहीं है तथा नगर निगम द्वारा प्रस्ताव अनुसार भवन अनुज्ञा जारी की जावेगी।

भवन अधिकारी झोन क्रमांक 15, नगर पालिका निगम, इंदौर

प्रशिक्षक युको हिरायामा शिहान का मध्य प्रदेश आगमन

इंदौर। JKAWF इंडिया मध्य प्रदेश के सचिव आकाश शर्मा सेंसई ने जानकारी दी कि जेकेए विंटर ट्रेनिंग कैंप 2026 राज्य के कराटे इतिहास में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर सिद्ध हुआ है।

यह शिविर कई दृष्टियों से विशेष रहा, क्योंकि यह पहला अवसर था जब पूर्व जेकेए वर्ल्ड चैंपियन एवं जापान कराटे एसोसिएशन (JKA), टोक्यो, जापान की अत्यंत प्रतिष्ठित वरिष्ठ प्रशिक्षक युको हिरायामा शिहान का मध्य प्रदेश आगमन हुआ। यह युको हिरायामा शिहान की मध्य प्रदेश की प्रथम यात्रा थी, जिसने इस आयोजन को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया। उनके आगमन से प्रदेश के विद्यार्थियों, प्रशिक्षकों एवं कराटे प्रेमियों को विश्व-प्रसिद्ध जापानी कराटे गुरु से प्रत्यक्ष प्रशिक्षण प्राप्त करने का दुर्लभ अवसर मिला। इस अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण शिविर ने पारंपरिक जापानी कराटे की शुद्ध तकनीक, अनुशासन एवं दर्शन को निकट से समझने का मंच प्रदान किया।शिविर में सोमनाथ पालचौधरी सेंसई (चेयरमैन, JKAWF इंडिया), अरिंदम सिकदार सेंसई (टेक्निकल कमेटी सदस्य, JKAWF इंडिया) तथा सोहम केंजी पालचौधरी सेंसई (जेकेए इंडिया टीम सदस्य) की गरिमामयी उपस्थिति रही। इन वरिष्ठ प्रशिक्षकों की उपस्थिति से शिविर का तकनीकी एवं शैक्षणिक स्तर और अधिक सुदृढ़ हुआ। प्रशिक्षण सत्रों के दौरान हिरायामा शिहान ने कराटे की गहन एवं उन्नत तकनीकों पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने बॉडी मैकेनिज्म, संतुलन, श्वसन नियंत्रण, सही टाइमिंग, ऊर्जा के कुशल उपयोग तथा मानसिक अनुशासन जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया।

खेलो एम पी यूथ गेम्स इंदौर जिला जूडो टीम घोषित

इंदौर जिला जुडो एसोसिएशन द्वारा खेलो एम पी यूथ गेम्स के तहत इंदौर जिला जुड़ो प्रतियोगिता संचालनालय खेल और युवा कल्याण मध्य प्रदेश द्वारा प्रेषित मार्गदर्शिका के निर्देशित नियमानुसार एमराल्ड हाइट्स स्कूल में आयोजित कर संपन्न की गई जिसके की विजेता जुडोकास दिनांक 27 से 30 जनवरी 2026 तक राज्य खेलो एमपी यूथ गेम्स सागर में इंदौर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे इनकी सूची निम्नलिखित है बालिका 44 की प्रियांशी सोनी 48 की सुरभि खंडेलवाल 52 की नियति शर्मा 57 की अदिति यादव 63की राघवी खंडेलवाल 70की जयश्री खंडेलवाल शक्त 70 की से अधिक शैली गुप्ता। बालक वर्ग 50 की दक्ष अग्रवाल 55 की वरुण यादव 60 की रेहान खान 66 की रितिक घोसी 73 की आतुर खान 81 की अल्तमश खान 90 की मोहम्मद आफ़ान 90 की से अधिक मोहम्मद परवेज। आगे जानकारी देते हुए

सचिव नरेश टटवाडे ने बताया कि इन सभी विजेता जुडोका टीम को इंदौर जिला जुड़ो एसोसिएशन द्वारा डॉ. पूर्णिमा बीसे मेहमूद खान के निर्देशन में जसलीन सिंह, माहरुख खान तथा श्रद्धा सोनी टीम प्रस्थान तक नेहरू स्टेडियम हाल में प्रशिक्षण देंगे।

माननीय श्रीमान अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश महोदय, कुटुंब न्यायालय इंदौर (म.प्र.)
एचएमए क्रमांक : HMA/1305/2024

श्रवण गीते पिता श्री रामनाथ पता : 10, बापू फार्म ग्राम बिलावली खंडवा रोड, इंदौर (म.प्र.) **-प्रार्थी**

विरुद्ध रजनी गीते पति श्री श्रवण गीते पता : 4, शिवनगर मुसाखेड़ी, पानी की टंकी के पास इंदौर (म.प्र.) **-प्रतिप्रार्थी**

प्रेषिती- श्रवण गीते पिता श्री रामनाथ पता : 10, बापू फार्म ग्राम बिलावली खंडवा रोड, इंदौर (म.प्र.)

प्रार्थी ने प्रतिप्रार्थी **रजनी गीते पिता राजकुमार लक्ष्मीनारायण** के विरुद्ध धारा 13(1) (1- क, ख) हिन्दू विवाह अधिनियम के अंतर्गत विवाह विच्छेद प्राप्ति हेतु प्रकरण 1305/2024 प्रस्तुत किया गया है। प्रतिप्रार्थी को इस न्यायालय में तारीख 23/02/2026 को दिन में 11.00 बजे उक्त याचिका का उत्तर देने के लिए उपस्थित (हाजिर) होने के लिए सूचित किया गया है की आप न्यायालय में स्वयं उपस्थित हो। आपको यह निर्देशित किया जाता है की उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करे और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति मे है पेश करे, जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेजों पर चाहे यह आपके कब्जे व शक्ति मे हो या न हो, अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के वावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य ले रुक मे निर्भर करते है तो आप ऐसे दस्तावेज ली लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करे ।

आपको सूचित किया जाता है की यदि आप उपर बताई गए तारीख को इस न्यायलय में उपसंजात (हाजिर) नहीं होंगे तो याचिका की सुनवाई और निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा ।

उक्त दिनांक को किसी कारणवश न्यायालय मे अवकाश हो या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो या न्यायालय रिक्त हो तो प्रकरण आगामी दिनांक की सुनवाई हेतु लिए जावेगा । यह आज दिनांक 23/12/25 को मेरे हस्ताक्षर के और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

प्रधान न्यायाधीश के अति. न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, इन्दौर, म. प्र.